# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित

पन्तनगर। 12 जून 2025। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर द्वारा आयोजित स्नातक/स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://gbpuat.org.in/ पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक डा. विनोद कुमार ने बताया कि प्रवेश परीक्षा उत्तराखण्ड के विभिन्न केन्द्रों पर स्नातक एवं एम.सी.ए. कार्यक्रम के लिए 1 जून 2025 को तथा स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. कार्यक्रमों के लिए 8 जून 2025 को आयोजित की गई थी। विभिन्न कार्यक्रमों में स्नातक की परीक्षा में 7943, स्नातकोत्तर परीक्षा में 935, एमसीए परीक्षा में 111 तथा पीएच.डी. परीक्षा में 359 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

उन्होंने बताया कि स्नातक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रैंक पर क्रमशः हल्द्वानी की अनुष्का मेहता, देहरादून की दिव्यता फर्स्वाण एवं लोहाघाट की इशिता बोहरा रहे। स्नातकोत्तर परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रैंक पर क्रमशः खटीमा की रेखा भट्ट, देहरादून की प्रियांशु टम्टा एवं हल्द्वानी के विपुल पाण्डे रहे। एम.सी.ए. परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रैंक पर क्रमशः चम्पावत के सुयश गहतोरी, बनदशा (चम्पावत) के अरविन्द कलोनी एवं हल्दूचौड़ के अनुराग सिंह चुफाल रहे।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सफल परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय में गुणवत्ता आधारित पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित की गई है। इस वर्ष परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।